हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 नवंबर 2025

12 विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले निजी बस...



12 महिलाओं को सहकारिता की मुहिम से जुड़कर...



दीर्घ अवधि अनुपस्थित विद्यार्थियों की रिपोर्टिंग को लेकर शिक्षा विभाग सख्त, उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी

# स्कूल से 3 दिन तक अनुपस्थित रहने वाले छात्रों से संपर्क साधेंगे अध्यापक
# 10 दिन गैरहाजिर होने पर 'ड्रॉपआउट कैटेगरी' में किया जाएगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सरकारी स्कूलों में अगर बिना कोई सूचना के विद्यार्थी लगातार तीन दिन अनुपस्थित है तो उनके अभिभावकों से उस कक्षा का अध्यापक संपर्क साधेगा। गैर हाजिर का कारण जाना जाएगा।

यहीं नहीं, अगर 10 दिन लगातार स्कूल से गैरहाजिर रहता है तो ऐसे विद्यार्थी को ड्रॉपआउट कैटेगरी में शामिल किया जाएगा। विद्यार्थियों की अनुपस्थिति का विवरण स्कूल रिकॉर्ड में अंकित करने के साथ-साथ साप्ताहिक स्तर पर इसकी रिपोर्टिंग एमआईएस पोर्टल पर करने के आदेश जारी किए गए है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों तथा विद्यालय मुखियाओं/प्रधानाचार्यों को दीर्घ अवधि से अनुपस्थित विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक (शैक्षणिक) द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश क्रमांक के डब्ल्यू 30/40-2020 एसीडी में स्पष्ट किया गया है कि कई विद्यालयों में विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति दर्ज नहीं हो रही, जिसके परिणामस्वरूप सीखने के परिणाम प्रभावित हो रहे हैं।

लंबे समय तक विद्यालय से अनुपस्थित रहने वाले अनेक विद्यार्थियों की अनुपस्थिति को लेकर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई की आवश्यकता के निर्देश दिए गए है।

### अनुपस्थिति का कारण जानना होगा

पत्र में जारी आदेशों के अनुसार विद्यालय प्रमुखों और शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अनुपस्थित विद्यार्थियों के परिवारों से संपर्क कर उन्हें नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित करें। किसी भी विद्यार्थी के बिना जानकारी के अनुपस्थित रहने पर अभिभावकों को तुरंत सूचित किया जाए। केवल फोन कॉल ही नहीं, बल्कि अभिभावकों के साथ व्हाट्सऐप समूह को भी संपर्क का माध्यम बनाया जाए। यदि किसी विद्यार्थी का आवेदन-पत्र प्राप्त नहीं होता है और वह बिना सूचना के लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहता है, तो संबंधित कक्षा अध्यापक अभिभावकों से संपर्क कर अनुपस्थिति का कारण जानने के लिए बाध्य होंगे।

### साप्ताहिक स्तर पर एमआईएस पोर्टल पर दर्ज करना होगा रिकॉर्ड

शिक्षा विभाग ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्यार्थियों की अनुपस्थिति का विवरण स्कूल रिकॉर्ड में अंकित किया जाए तथा स्कूल प्रमुख द्वारा सप्ताहिक स्तर पर इसकी रिपोर्टिंग एमआईएस पोर्टल पर समय पर की जाए। आदेशानुसार यदि कोई विद्यार्थी लगातार 10 दिन तक अनुपस्थित रहता है तो उसका नाम 'ड्रॉपआउट कैटेगरी' में दर्ज किया जाएगा, जिसके बाद ऐसे विद्यार्थियों की विद्यालय में पुनः प्रवेश हेतु विशेष प्रयास किए जाएँगे। विभाग ने यह भी कहा है कि यदि कोई विद्यार्थी शिक्षा सत्र के दौरान पुनः प्रवेश के लिए आवेदन करता है तो विद्यालय प्रमुख उसे बिना किसी शुल्क के तत्काल प्रवेश दें। किसी विद्यार्थी के प्रवेश देने में अनावश्यक विलंब न किया जाए अन्यथा जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। शिक्षा विभाग ने आशा व्यक्त की है कि सभी विद्यालय इन निर्देशों का समयबद्ध और गंभीरता से पालन करेंगे, जिससे विद्यार्थियों की उपस्थिति में सुधार होगा और शैक्षणिक परिणामों की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

## खबर संक्षेप

### चौरासिया ब्राह्मण सभा की बैठक 30 को

**नारनौल।** श्री चौरासिया ब्राह्मण सभा से जुड़े सदस्यों रामबिलास शर्मा, केशव कौशिक, विरेंद्र पंच, सीताराम एडवोकेट, डा. देवेंद्र, वेदप्रकाश, संदीप, दिनेश, ओमप्रकाश, पवन कौशिक एवं अनिल शर्मा आदि ने गांव बवानियां में गत नौ नवंबर को हुई आमसभा में चुनी गई कार्यकारिणी पर ऐतराज जताया है। उन्होने बताया कि उस सभा में देखा गया कि कुछ सदस्यों द्वारा पहले से ही यह निर्धारित कर लिया गया था कि किसे कौन सा पद दिया जाएगा। जब कुछ सम्मानित सदस्यों ने इसका विरोध किया तो उनके साथ वहां अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। अब 30 नवंबर को प्रातः 11 बजे मोहल्ला चांदुवाड़ा स्थित रामलीला मैदान नारनौल में पुनः बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें एकजुट होकर लोग अपना निर्णय सुनाएंगे।

### ग्रामीण चौकीदारों की बैठक 2 को

**नारनौल।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक दो दिसंबर लघु सचिवालय पार्क में होगी। एसोसिएशन के जिला प्रधान पंकज शोभापुर ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी ब्लॉकों के चौकीदार भाइयों की समस्याओं को उपयुक्त समक्ष उठाना और इस संबंध में ज्ञापन सौंपना है। चौकीदारों की लंबित समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान की मांग की जाएगी।

रेहड़ी और खोमचों का फुटपाथ पर कब्जा

# मूंगफली बिक्री करने वालों के आठ से दस बूथ हटवाकर अतिक्रमण हटाओ अभियान रोका

- निजामपुर रोड पर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक सड़क पर चलने को मजबूर हुए पैदल यात्री
- एंबुलेंस व दमकल वाहन को भी नहीं मिल पाता रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर नपा प्रशासन सड़कों पर उतरा, लेकिन मूंगफली बिक्री के आठ से 10 बूथ हटवाने के बाद अभियान को रोक दिया गया। कुछ रेहड़ी संचालकों के मामूली चालान करने के बाद नपा कर्मचारी दफ्तर की तरफ रवाना हो गए। ऐसे में सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ पर रेहड़ी व खोमचों का कब्जा बना हुआ है। जिससे पैदल यात्रियों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है और दूसरी तरफ यातायात जाम की समस्या बनी रहती है।

आपको बता दें कि नांगल चौधरी को तहसील से अपग्रेड करके उपमंडल का दर्जा दे दिया है। लोगों को एसडीएम स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद तहसील प्रांगण में भीड़ रहने लगी है। रोजाना एक हजार से अधिक ग्रामीण विभिन्न कामकाज कराने के लिए एसडीएम, तहसील, बीडीपीओ तथा नपा कार्यालय में पहुंचते हैं। इसके अलावा अस्पताल, बिजली निगम, बैंक व दुकानों पर खरीददारी करने रोजाना पांच से सात हजार लोगों को आनाजाना बढ़ गया। अधिकतर लोग निजी वाहनों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे शहर में पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो गई है। दूसरी ओर अस्थाई दुकानदारों ने बिक्री बढ़ते ही सड़कों के दोनों तरफ फुटपाथ पर कब्जा कर लिया है।

निजामपुर रोड पर अतिक्रमण की समस्या नासूर बन चुकी, क्योंकि यहां ग्राहकों को सड़क पर ही वाहन खड़े करके खरीददारी करनी पड़ती है। दोनों तरफ करीब 10 फुट सड़क पर पार्किंग हो जाती है, बचे हुए 10 फिट रोड पर दोनों तरफ के वाहनों का आवागमन होता है। आमने सामने के वाहनों को साइड लेना भी संभव नहीं होता, जिस कारण यातायात जाम की समस्या बढ़ गई। इस दौरान पैदल यात्रियों को दुर्घटना का खतरा बढ़ गया। वहीं बुजुर्गों को सड़क पार करना भी मुश्किल बना हुआ है। हालांकि दीपावली से पहले नपा प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। कुछ अस्थाई दुकानदारों के चालान भी काटे गए थे, लेकिन अभियान को विराम देते ही फुटपाथ पर दोबारा अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सड़कों पर दिनभर स्कूल बसें, एंबुलेंस तथा दमकल वाहनों का आवागमन रहता है।






नांगल चौधरी। अतिक्रमण हटाओ अभियान में मूंगफली के बूथ हटवाते नपा कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### पक्की दुकानों के मालिक वसूलते हैं प्रतिमाह किराया

सूत्रों की मानें तो शहर के निजामपुर व कोटपूतली रोड पर आठ से 15 हजार में पक्की दुकानें किराये पर उपलब्ध हो जाती हैं, लेकिन स्थाई दुकानों के सामने रेहड़ी या खोमचे लगाने का किराया 20 से 25 हजार रुपये तक है। एक दुकान के सामने रेहड़ी के साथ मूंगफली पकाने की छड़ी लगने लगी है। अवैध किराया वसूली की शिकायत विभागीय अधिकारियों तक पहुंच चुकी। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होना, शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### शहर में बुजुर्ग यात्रियों की बढ़ी परेशानी, स्वच्छता भी प्रभावित

शहर वासियों ने बताया कि फुटपाथ पर अतिक्रमण होने से यात्रियों को सड़क पर सफर करना पड़ता है। इस दौरान बुजुर्गों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है, क्योंकि कमजोर शरीर और कम दिखाई देने की वजह से हादसे की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा अतिक्रमण होने के कारण शहर की सफाई नहीं हो पाती। नालियों में कूड़ा करकट भरा होने की स्थिति में दुकानदारों को दुर्गंध और मच्छर काटने की समस्या झेलनी पड़ती है।

### अतिक्रमण हटाने के लिए नियमित अभियान चलागी नपा

नपा के सचिव ललित गोयल ने बताया कि शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कुछ रेहड़ी संचालकों के चालान काटे गए हैं। सड़क तक दुकान लगाकर बैठे लोगों को हटाया गया है। अब नपा प्रशासन ने नियमित रूप से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि शहर की सुंदरता में अतिक्रमण समस्या बना हुआ है।

# समय सारणी में तालमेल नहीं होने से ट्रेन हो रही मिस

*जयपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों को एक विस्तृत मांग-पत्र भेजा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रेलवे सेवाओं में लगातार बढ़ रही समस्याओं और यात्रियों की असुविधा को देखते हुए दैनिक रेल यात्री संघ ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक तथा जयपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों को एक विस्तृत मांग-पत्र भेजा है।

संघ ने रेवाड़ी, रिंगस और फुलेरा सेक्शन में चलने वाली कई प्रमुख ट्रेनों के समय-सारणी में तालमेल न होने को मुख्य समस्या बताया है, जिसके कारण यात्रियों को प्रतिदिन कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय-सारणी में ट्रेनों का आपसी मिलान बिल्कुल भी सटीक नहीं है। इससे यात्रियों को ट्रेन बदलने में कठिनाई, लंबा इंतजार और कई बार कनेक्टिंग ट्रेन छूटने जैसी समस्याएं रोजाना झेलनी पड़ती हैं। यदि रेलवे प्रशासन जनहित में इन ट्रेनों की समय-सारणी में आवश्यक परिवर्तन कर दे तो यात्रियों का सफर काफी आसान और सुविधाजनक हो जाएगा।

### चार जोड़ी ट्रेनों के समय में मिलान की मांग

- 19620 रेवाड़ी-फुलेरा एक्सप्रेस व 14701 अरावली एक्सप्रेस (रिंगस स्टेशन)
- 19621 फुलेरा-रेवाड़ी एक्सप्रेस व 14086 सिरसा-तिलक ब्रिज एक्सप्रेस (रेवाड़ी स्टेशन)
- 14088 रुणिचा एक्सप्रेस व 22421 सालासर एक्सप्रेस (रेवाड़ी स्टेशन)
- 54417 दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर व 19622 रेवाड़ी-फुलेरा एक्सप्रेस (रेवाड़ी स्टेशन)

### स्वास्थ्य सेवाओं को विकसित करने पर बल दे रही स्वास्थ्य मंत्री: दिनेश जेलदार

**मंडी अटेली।** महेंद्रगढ़ अस्पताल को 100 बैड में अपग्रेड करने व नारनौल के 200 बैड वाले अस्पताल को दो साल से अटके भवन निर्माण कार्य को पुनः शुरू करवाना स्वास्थ्य मंत्री आरती राव की कार्यकुशलता को दर्शाता है तथा इससे स्पष्ट होता है कि वह स्वास्थ्य सेवाओं को विकसित करने पर बल दे रही हैं। यह विचार मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार ने व्यक्त किए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देने वाली स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य सेवाओं में इतिहास रच रही है। उनके मजबूत नेतृत्व दूर दृष्टि और जनता के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम यह है कि मंत्री ने नियमों और परंपराओं के सीमित दायरे से बाहर निकलकर प्रदेश व जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रबंधन के लिए अपनी ऊर्जा लगा रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों के बाद सरकार ने परियोजना के बजट में 3.25 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वृद्धि को मंजूरी दी है।

# भौड़ी के किसान की डेढ़ एकड़ की कड़बी जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

क्षेत्र के गांव भौड़ी निवासी किसान के खेत में रखी करीब डेढ़ एकड़ की कड़बी को अज्ञात लोगों ने वीरवार रात्रि को जलाकर राख कर दिया। जली कड़बी के पास ज्वलनशील पदार्थ बिखरा हुआ है, जो कड़बी को इरादे से जलाने की बू आ रही है। आग की सूचना फायर बिग्रेड को भी दी। मौके पर पहुंच कर मशक्कत से आग पर काबू पाया, लेकिन उस समय तो कड़बी जलकर राख हो चुकी थी। उस कड़बी के छौर से थोड़ी दूर एक अन्य किसान कड़बी की बागर लगी हुई थी। गांव के पूर्व सरपंच जगमोहन सिंह के पुत्र बिनोद ने बताया कि मदन सिंह किसान पीड़ित गरीब है। अपनी डेढ़ एकड़ में खेती परिवार चलाता है। रात्रि को किसान एक विवाह समारोह में गया हुआ था। आग की सूचना पड़ोसियों ने फोन पर दी। उन्होंने जिला उपायुक्त से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। इसकी सूचना अटेली थाने में भी दी है। आग के कारणों का मालूम अभी तक नहीं चला है।



मंडी अटेली। किसान के खेत में कड़बी में आग के बाद बनी राख। फोटो : हरिभूमि

# बलाहां कलां में दूसरे दिन भी चली इनकम टैक्स की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सीमावर्ती जिला के गांव बलाहां कलां में इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी दूसरे दिन भी निरंतर जारी रही। करीब 48 घंटों से आयकर विभाग के करीब 16 अधिकारी एवं कर्मचारी घर को खंगालने में लगे हुए हैं और इकोनोमिक दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रहे हैं। इस छापेमारी से गांव में विभिन्न प्रकार की चर्चाओं ने जोर पकड़ा हुआ है।

दूसरी ओर मकान मालिक विजयपाल ने बताया कि वे बिल्डिंग मैटीरियल सप्लायर का काम करते हैं और उनके काम में ऐसी कोई गड़बड़ी या हेराफेरी की संभावना नहीं है। उनका कहना है कि दो दिन की गहन जांच के बावजूद अधिकारियों को उनके घर से कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। न तो कोई बड़ी नकदी मिली है न ही कोई जेवरात। विजयपाल ने कहा कि हमारा काम बिल्कुल साफ-सुथरा है। बिल्डिंग मैटीरियल में वैसे भी बहुत ज्यादा प्रॉफिट नहीं होता कि कोई हमें इस तरह निशाना बनाए। 48 घंटे से अधिकारी लगातार जांच कर रहे हैं, लेकिन अब तक कुछ भी नहीं मिला।

# ऑनलाइन गेम के जरिए हुई दोस्ती, अब शादीशुदा महिला नाबालिग लड़के को ले गई अपने साथ

- नारनौल सिटी थाने का मामला, परिजनों ने महिला पर लगाया लड़के को किडनेप करने का आरोप, पुलिस कर रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

ऑनलाइन गेम साथ खेल के जरिए एक-दूजे के संपर्क में आने पर बेंगलुरु की शादीशुदा महिला शहर के एक 15 साल के लड़के को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गई। परिजनों ने लड़के की किडनेप करने की शिकायत पुलिस में दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लड़के की तलाश शुरू कर दी है।

सिटी पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित पिता नरेश कुमार ने बताया कि उनका 15 वर्षीय बेटा पंकज 26 नवंबर को दोपहर से घर से लापता है। उनका आरोप है कि बेंगलुरु निवासी महिला नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई है। उन्होंने बताया कि महिला पहले भी उनके बेटे को बहलाकर अपने साथ ले जाने की कोशिश कर चुकी है। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पूर्व वह बेंगलुरु से नारनौल आई थी। तब नारनौल आने के बाद उसने उसके बेटे को सुभाष पार्क में बुलाया था।

एक जानकार ने उनको बताया था कि उनका बेटा सुभाष पार्क में एक महिला के साथ बैठा है, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे थे और दोनों को पकड़ा था। महिला बेंगलुरु की रहने वाली है। जब उन्होंने महिला से पूछा कि वह उसके बेटे के साथ क्यों बैठी है तो उसने कहा कि वह उसका दोस्त है तथा बेंगलुरु से वह उससे मिलने आई है।

इस पर पुलिस को फोन करके बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला से पूछताछ की तथा नाबालिग लड़के के साथ बैठने पर उसको थाने ले गई। थाने में पूछताछ करने पर महिला ने बताया था कि लड़के की उससे फायर फीवर नामक आनलाइन गेम से दोस्ती हुई है, जिसके बाद वह उससे मिलने के लिए यहां आई है। इस पर कर्नाटक से महिला के परिजन बुलाकर उसे हवाले कर दिया था। लड़के के पिता ने बताया कि महिला दूसरे समुदाय की है तथा वह कह रही थी कि जो वह कहेगी, लड़का वही करेगा। तब वह उनको चैलेंज देकर गई थी कि एक माह में वह लड़के को अपने साथ ले जाएगी तथा यह उसके साथ ही रहेगा।

पीड़ित पिता का कहना है कि लड़का नासमझ है तथा उसने सातवीं कक्षा तक पढ़ने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वह मोबाइल का शोकिन है तथा दिनभर मोबाइल पर ही गेम खेलता रहता है।

कार्यक्रम में 30 नवंबर को विधायक कंवर सिंह यादव होंगे मुख्य अतिथि

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव आज से, स्वास्थ्य मंत्री करेंगी शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा से उपजा दुनिया का महानतम ज्ञान, श्रीमद्भागवत गीता का अमर संदेश अब आईटीआई मैदान में अपनी दिव्य आभा बिखेरने को तैयार है। तीन दिन तक अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में चलने वाले इस जिला स्तरीय समारोह के लिए पूरा शहर सज धजकर तैयार है। अब तीन दिन तक लगातार शहर में गीता के संदेश की गूंज सुनाई देगी।

जिला प्रशासन एवं सूचना, लोक संपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग के सौजन्य से आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव 29 नवंबर को सुबह 10 बजे करेंगी। इसी प्रकार 30 नवंबर को इस कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव मुख्य अतिथि होंगे। अंतिम दिन एक दिसंबर को शोभायात्रा, सांस्कृतिक संध्या तथा पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि होंगे।

यह तीन दिवसीय यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हरियाणा की समृद्ध हस्तकला, जीवंत रंगोली और प्रेरणादायक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का एक भव्य समागम होगा। इस दौरान जिला के विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने उत्पाद का प्रदर्शन करने तथा बेचने का मौका मिलेगा। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के जिला स्तरीय समारोह का शुभारंभ 29 नवंबर को आईटीआई से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को श्रीमद्भागवत गीता पूजन व हवन 9:30 बजे, प्रदर्शनी व सेमिनार का शुभारंभ 10:15 बजे, 11:15 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर रविवार को हवन यज्ञ के बाद प्रदर्शनी व सेमिनार 10:15 बजे व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 11:15 बजे किया जाएगा। सोमवार को प्रदर्शनी शोभा यात्रा चामुंडा देवी मन्दिर से 11 बजे, सांस्कृतिक कार्यक्रम व पारितोषिक वितरण कार्यक्रम 4:15 बजे तथा दीपोत्सव छह बजे किया जाएगा। आईटीआई मैदान में तीन दिन तक चलने वाले जिला स्तरीय गीता महोत्सव में विभिन्न विभाग अपनी योजनाओं के बारे में नागरिकों को जानकारी देंगे। इस दौरान विशेष रूप से स्वास्थ्य तथा आयुष विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच कैंप लगाकर लोगों को मौके पर ही फ्री में दवाइयां भी वितरित करेंगे। इस दौरान आयुष विभाग की ओर से हमारे प्राचीन चिकित्सा पद्धति के बारे में एक विशेष स्टॉल लगाया जाएगा।



नारनौल। गीता महोत्सव की तैयारी में जुटे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



# 'तेरे इश्क में' धनुष की आंखों में छिपा दर्द बना असली ताकत

**मुंबई।** फिल्म 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 'तेरे इश्क में'एक ऐसी लव स्टोरी है, जिसमें जुनून, दर्द, प्यार और गुस्सा सब कुछ एक साथ देखने को मिलता है। फिल्म की शुरुआत एक मजबूत मोड़ से होती है, जिससे कहानी तुरंत पकड़ बना लेती है। जैसे-जैसे फ्लैशबैक खुलता है, ऑडियंस यह जानने के लिए उत्सुक हो जाती है कि आखिर शंकर और मुक्ति के रिश्ते में ऐसा क्या हुआ कि दोनों अलग हो गए। अगर आपको जुनून से भरी मोहब्बत, दिल को छू लेने वाले भाव और कच्चे किरदारों की सच्ची कहानी देखना पसंद है, तो 'तेरे इश्क में' जरूर देखी जा सकती है। फिल्म में कमियां जरूर हैं, लेकिन धनुष का अभिनय इस कहानी को देखने लायक बना देता है। वो हर दृश्य में अपनी आंखों और हावभाव से ऐसा एहसास जगाते हैं, जिसे बोलकर नहीं, महसूस करके समझा जाता है।

## लाइफ Style

# तनुश्री

## अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया हमसफर

बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं। दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गईं, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं। सुजीत ने शादी की सारी तैयारिया खुद संभालीं ताकि तनुश्री के लिए यह दिन हमेशा यादगार रहे। मेकअप आर्टिस्ट से लेकर वायलिनिस्ट तक- हर छोटी-बड़ी चीज को उन्होंने उसी सलीके से चुना, जैसा तनुश्री को पसंद है। दुल्हन का लहंगा भी सुजीत ने ही चुना था, जिसे देखकर तनुश्री भावुक हो उठीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दोनों परिवारों के लिए शादी की लाइव स्क्रीनिंग भी करवाई ताकि दूर रहकर भी सभी इस पल का आशीर्वाद दे सकें।



## हॉलीवुड मसाला




# एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले

**लॉस एंजिल्स।** मार्शल आर्ट का जिक्र आते ही हमारे दिमाग में सबसे पहला नाम ब्रूस ली का ही आता है। महज 32 साल की उम्र में ली ने मार्शल आर्ट में ऐसी महारथ और पॉप्युलैरिटी हासिल की जिसकी बराबरी आज तक कोई नहीं कर सका। 1960 के दशक में ली ने 'काटो' की भूमिका से हॉलीवुड में पहचान बनाई। लेकिन, हांगकांग में बनी 'द बिग बॉस' (1971), 'फिस्ट ऑफ फ्यूरी' (1972), 'वे ऑफ द ड्रैगन' (1972) और 'एंटर द ड्रैगन' (1973) ने पूरी दुनिया में उन्हें फेमस बना दिया। इन फिल्मों से उन्होंने अपनी मार्शल आर्ट कला को पूरी दुनिया के सामने पेश किया। ली ने बतौर एक्टर अपनी सफलता से एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले। जैकी चैन, जेट ली, टोनी जा जैसे एक्टर्स ली को अपनी प्रेरणा मानते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए इतनी कम उम्र में जीवन के किसी भी एक क्षेत्र में इतनी ऊंचाई हासिल कर पाना बेहद कठिन होता है।



# डेविड हार्बर ने मिली बॉबी के साथ की बदसलूकी

लॉस एंजिल्स। 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' के नए सीजन की रिलीज से ठीक पहले अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन और उनके को-स्टार डेविड हार्बर को लेकर एक विवाद ने अचानक सुर्खियां बटोर ली थीं। सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मिली ने हार्बर पर सेट पर बदसलूकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए थे। हालांकि, सीरीज की प्रीमियर नाइट पर दोनों को साथ देखा गया, मुस्कुराते हुए फोटो देते हुए। वहीं, अब मिली बॉबी ब्राउन ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस रिश्ते पर खुलकर बात की है। मिली ने विवाद पर बेहद साफ शब्दों में कहा कि उनका रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा है। मिली के अनुसार, 'हम पिछले दस साल से यही कर रहे हैं। हम इस शो को दिल से प्यार करते हैं और अपनी दोस्ती को सबसे ऊपर रखते हैं।' उनकी बातों से साफ था कि पर्दे के पीछे कैसी भी चर्चाएं हों, लेकिन उनके और हार्बर के बीच दोस्ती की डोर कमजोर नहीं हुई। दूसरी ओर, शो के निर्माता डफर ब्रदर्स ने प्रीमियर के दौरान आरोपों पर कमेंट करने से इनकार किया, लेकिन साफ कहा कि सेट पर सुरक्षा और सम्मान उनका पहला सिद्धांत है। शो के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर शॉन लेवी ने भी कहा कि पूरी टीम एक परिवार की तरह है और वो माहौल को हमेशा सुरक्षित रखने की कोशिश करते हैं।



# कूल लुक में कार्तिक हॉट दिखीं अनन्या


**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है, जो कार्तिक और अनन्या के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है।' जो कार्तिक के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक के फैंस उनके इस गाने पर लाल और फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइल ट्रैक का वीडियो शेयर किया। इस गाने में कार्तिक समंदर किनारे बीच पर बेहद कूल लुक में हसीनाओं के बीच नजर आ रहे हैं। तो वहीं इस गाने में अनन्या भी बेहद हॉट लुक में नजर आ रही हैं।



# इश्क के पूरे हुए 28 साल साझा की अनदेखी तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकार अजय देवगन और काजोल की फिल्म 'इश्क' 28 नवंबर 1997 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को 28 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अजय देवगन ने काजोल के साथ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं और एक बेहतरीन कैप्शन लिखा है। फैंस को यह पसंद आ रहा है। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे पलों की तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह काजोल को गले लगा रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'इश्क हुआ'। दूसरी तस्वीर में वह काजोल के साथ दूल्हा-दुल्हन की तरह बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'कैसे हुआ'। तीसरी तस्वीर में वह काजोल और अपने दो बच्चों के साथ बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'अच्छा हुआ।' इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा 'जैसे हुआ अच्छा ही हुआ है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 से बाहर होंगी अशनूर? तान्या के साथ हिंसक होने पर भड़कीं काम्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है और जैसे-जैसे ग्रैंड फिनाले करीब आ रहा है, घर के अंदर विवाद, मतभेद और टकराव भी तेज होते जा रहे हैं। इसी बीच शो की पूर्व कंटेस्टेंट और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने इस हफ्ते के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी राय रखी है। अशनूर कौर और तान्या मित्तल के बीच हुए विवाद को लेकर जहां उन्होंने सख्त प्रतिक्रिया दी, वहीं गौरव खन्ना को शो का पहला फाइनलिस्ट बनने पर बधाई भी दी। फिनाले से पहले हुए 'टिकट टू फिनाले' टास्क में सभी चार दावेदारों- अशनूर कौर, प्रनीत मोरे, फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन इस टास्क के दौरान एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने दर्शकों और एक्स-कंटेस्टेंट्स दोनों को हैरान कर दिया। टास्क के बीच अशनूर कौर ने तान्या मित्तल पर शारीरिक प्रहार कर दिया, जिसे लेकर कई दर्शक सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अब हर कोई अशनूर की इस हरकत पर अपनी राय दे रहा है। कई सेलेब्स की ओर से भी इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की गई है। इन्हीं में शामिल हैं काम्या पंजाबी भी। उन्होंने लिखा कि पूरी सीजन में संयम और गरिमा के साथ खेलने वाली अशनूर से इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं थी। काम्या का कहना है कि खेल की इस स्टेज पर ऐसी गलती बिल्कुल भी आवश्यक नहीं थी।

## भाविन -दिशा ने लिए सात फेरे

**नई दिल्ली।** सिंगर,एक्टर और म्यूजिशियन भाविन भानुशाली ने दिशा चंद्रेजा के सात सात फेरे ले लिए हैं। भाविन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शादी की शानदार तस्वीरों को शेयर किया है। भाविन और दिशा को सेलेब्स शादी की



शुभकानाएं दे रहे हैं। एक्टर और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा की शादी 27 नवंबर को होमटाउन, महाराष्ट्र में हुई। शादी की खास तस्वीरें आज भाविन ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। भाविन और दिशा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। भाविन ने आज इंस्टाग्राम पर कुछ ही देर पहले अपनी शादी की तस्वीरों को शेयर किया। इन शानदार तस्वीरों में दिशा लाला लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। वहीं भाविन व्हाइट स्टाइलिश शेरवानी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ भाविन ने कैप्शन में लिखा, 'तू मारी ने हूं तारो थाई गयो- 27.11.25।' कई सेलेब्स ने भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा को शादी की बधाई दी है। विशाल जेठवा ने लिखा, 'भाविन्न भाई, नमन प्रणाम अभिनन्दन', रश्मि देसाई ने लिखा, 'बधाई हो तमने बन्नेव ने', अविका गौर ने लिखा, 'बधाई हो, नील नितिन मुकेश ने लिखा, 'आपको बधाई हो मेरे प्रिय', हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो दोस्तों... भगवान आपका भला करे।'

# 45 करोड़ बजट में 500 टिकट भी नहीं बेच पाई थी ये फिल्म

## अधूरी कहानी के साथ हुई रिलीज, कहलाई बॉलीवुड की बिगेस्ट फ्लॉप

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हर साल दर्जनों फिल्में बनती हैं। इनमें से कई फिल्मों पर बहुत पैसा खर्च किया जाता है और मेकर्स को उम्मीद होती है कि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएंगी। लेकिन, कई बार ऐसा होता नहीं है। कई बड़ी और स्टार स्टडेड फिल्में भी रिलीज के बाद बुरी तरह फेल हो जाती हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसके बजट, कहानी और कास्ट पर प्रोड्यूसर ने पूरा भरोसा किया था। फिर भी ये फिल्म रिलीज होते ही बुरी तरह पिट गई और लोगों को पता भी नहीं चला कि ये कब आई और कब थिएटर से उतर गई।



### जोरदार उम्मीदें, जीरो कमाई

जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वो है द लेडी किलर, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में इश्कजादे फेम अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर नजर आए थे। करीब 45 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म से मेकर्स को बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन, हैरानी की बात ये है कि फिल्म 1 लाख रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। फिल्म का न प्रमोशन हुआ और न ही किसी तरह का ऐड नजर आया। मेकर्स ने बिना तैयारी के फिल्म को थिएटर में उतार दिया। नतीजा ये हुआ कि दर्शकों को पता ही नहीं चला कि फिल्म रिलीज भी हो गई है।

### बिना क्लाइमैक्स की रिलीज

*फिल्म फ्लॉप होने के बाद इसके डायरेक्टर ने बताया कि द किलर लेडी को अधूरी हालत में रिलीज कर दिया गया था। फिल्म की स्क्रिप्ट 117 पेज की थी। लेकिन, शूटिंग सिर्फ 87 पेज तक ही हुई थी। यानी फिल्म में क्लाइमैक्स तक पूरा शूट नहीं हुआ था। पहले इसे ओटीटी पर रिलीज करने की प्लानिंग थी। लेकिन, तारीखें बार बार आगे बढ़ने पर इसे जल्दबाजी में थिएटर में रिलीज कर दिया गया। हालत ये रही कि अर्जुन कपूर की इस फिल्म की सिर्फ 500 टिकटें ही बिक पाईं। इसी वजह से इसे अब तक की सबसे खराब ओपनिंग वाली बॉलीवुड फिल्म माना गया।*

# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर जारी अलग अंदाज में दिखे संजय और महिमा

**मुंबई।** संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की अपकमिंग फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को लेकर पहले से काफी चर्चा थी। ऐसा इसलिए क्योंकि संजय मिश्रा की दूसरी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टीजर में संजय मिश्रा हल्के-फुल्के अंदाज में कॉमेडी करते हुए नजर आए हैं। वहीं, महिमा चौधरी ग्लैमरस लुक में नजर आई हैं।टीजर में सबसे पहले संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि अगर उनकी कुंडली में दूसरी शादी लिखी है, तो कोई सुंदर, सुशील और कलावती महिला से शादी हो। वह हनुमान से कहते हैं कि प्रभु थोड़ा ध्यान रखना वर्ना ये लोग मुझे कहीं भी फंसा देंगे। इसके बाद वह महिमा चौधरी से टकरा जाते हैं। अगले सीन में संजय मिश्रा का बेटा उनके पास आता है और कहता है कि मां मिल गई। इस पर संजय मिश्रा इतराते




हैं। मेकर्स ने इस टीजर को सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। बताया जाता है कि यह फिल्म 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' में संजय मिश्रा और महिमा चौधरी के अलावा व्योम यादव, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया और श्रीकांत वर्मा ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन सिद्धांत राज सिंह ने किया है। इसके निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन हैं।

## आज के दौर में भी जनरेनशन-जेड का बना हुआ है फेवरेट

# धर्मेंद्र पर फिल्माया गया था रफी का बेस्ट एवर रोमांटिक सॉन्ग

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन, उनकी मूवीज और गानों के बारे में जिक्र हमेशा किया जाएगा। इस आधार पर आज हम आपको अभिनेता के एक ऐसे शानदार रोमांटिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे गायक मोहम्मद रफी ने गाया था। गायक मोहम्मद रफी और अभिनेता धर्मेंद्र की जोड़ी काफी जमती थी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमा जगत में एक दौर ऐसा भी रहा था, जब रफी साहब सही मायनों में धर्मेंद्र की आवाज बन गए थे। एक्टर के ज्यादातर कल्ट गीतों को सुरों के सरताज मोहम्मद रफी ने अपनी रूहानी आवाज दी थी। इस आधार पर आज आपको इन दोनों की जुगलबंदी वाले एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आज के दौर में जनरेनशन-जेड का फेवरेट बना हुआ है। रोमांटिक सॉन्ग के मामले में सिंगर मोहम्मद रफी के इस गाने का कोई मुकाबला नहीं है। आलम ये है कि रिलीज के 55 साल बाद भी ये अमर है।



### 55 साल बाद भी हिट ये गीत

पुराने दौर के आइकॉनिक रोमांटिक सॉन्ग के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें अभिनेता धर्मेंद्र के कई सारे गीत शामिल होंगे, जिनमें से एक गीत साल 1970 में आई फिल्म जीवन मृत्यु का भी रहा। धर्मेंद्र और राखी गुलजार स्टारर इस मूवी के उस गीत को गायक मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। गाने के बोल सुनकर आज भी आपके दिल को सुकून पहुंचेगा। गौर किया जाए उस गीत की तरफ तो उसका नाम- झिलमिल सितारों का आंगन होगाहै। धर्मेंद्र के इस कल्ट सॉन्ग को रफी साहब और लता मंगेशकर ने मिलकर गाया था, जबकि इसके संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी थी। जीवन मृत्यु मूवी के इस गाने के गीतकार कोई और नहीं, बल्कि दिग्गज लेखक आनंद बख्शी थे, उनकी कलम से जी झिलमिल सितारों का आंगन होगा के ये खूबसूरत बोल निकले थे। इस गाने को आज भी बॉलीवुड से सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग में से एक माना जाता है।

### यादगार गीत

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का देहांत हो गया। अब एक्टर की यादें उनकी मूवीज और शानदार गीतों के जरिए ताजा रहेंगी। झिलमिल सितारों का आंगन होगा धर्मेंद्र के यादगार गीतों में शुमार है, जिसे सुनने के बाद आपको हिंदी सिनेमा के ही-मैन की याद जरूर आ जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### गांव बोहल में खो-खो प्रतियोगिता आज से

**बवानीखेड़ा।** खंड बवानीखेड़ा के गांव बोहल के राजकीय उच्च विद्यालय में 29 नवंबर से सब जूनियर खो खो प्रतियोगिता शुरू होगी। लड़के व लड़कियों की इस प्रतियोगिता के शुभारंभ के मुख्य अतिथि बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा स्पोर्ट्स खो खो एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर यादव पूर्व ओएसडी मुख्यमंत्री हरियाणा व हरियाणा स्पोर्ट्स खो खो एसोसिएशन के महासचिव महेंद्र कंबोज करेंगे। प्रतियोगिता में राज्य भर के लगभग 600 खिलाड़ी अपना दम खम दिखाएंगे। इसमें राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ी भी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में केवल फरवरी 2012 व उसके बाद के जन्म लेने वाले खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र लेकर आना होगा।

### रोजगार मेले में 95 प्रार्थियों ने लिया भाग

**भिवानी।** जिला रोजग़ार कार्यालय में रोजग़ार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों ने रोजगार के अवसर प्रदान किया। इस दौरान जिला रोजग़ार अधिकारी डॉ. कविता ग्रेवाल ने प्रार्थियों को रोजगार व स्वयं रोजगार बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजग़ार योजना के बारे व बेहतर करियर विकल्प चुन बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में 95 प्रार्थियों ने भाग लिया है।

## 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन जबरदस्त मुकाबले

# हरियाणा की आरती 24 सेकेंड में दो सौ मीटर दौड़ी, जीता गोल्ड मेडल

**खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास संभव : दहिया**


**भिवानी।** प्रतियोगिता में लंबी छलांग लगाते हुए।


**भिवानी।** दौड़ स्पर्धा में भाग लेते प्रतिभागी।


**भिवानी।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भीम स्टेडियम में आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन प्रतिभागियों के बीच जबरदस्त मुकाबले हुए। प्रतिभागियों ने एक दूसरे से आगे निकलने का जबरदस्त प्रयास किया।

लड़कियों की दो सौ मीटर दौड़ स्पर्धा में हरियाणा की बेटी आरती ने 24 सकेंड में पूरी करके उक्त स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। इसी तरह गोला फेंक प्रतियोगिता में पंजाब के त्रिपतदीप ने 18.93 मीटर दूर गोला फेंक कर स्पर्धा में अव्वल रहने का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता के बाकी मुकाबले शनिवार को आयोजित होंगे। अल सुबह जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर, नोडल अधिकारी सत्यवान कोच, डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का परिचय लेकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया। पांच किलोग्राम की गोला फेंक प्रतियोगिता में पंजाब के त्रिपतदीप ने 18.93 मीटर गोला फेंक कर पहला स्थान हासिल किया। पंजाब के बलारन सिंह ने 18.55 मीटर गोला फेंक कर दूसरा व पश्चिमी बंगाल के मनोज राय ने 17.81 मीटर फेंक कर तीसरा स्थान हासिल किया। हैमर थ्रो में पंजाब के मंजोत सिंह ने 65.75 मीटर फेंक कर पहले तथा राजस्थान के पीयूष ने 64.44 मीटर फेंक दूसरा स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश के मोहम्मद अब्दुला 64.26 मीटर गोला फेंक कर तीसरे स्थान पर रहे।

### 100 मीटर में भी जीती आरती

लड़कियों की दो सौ मीटर दौड़ स्पर्धा में हरियाणा की बेटी आरती ने 24.2 सेकेंड में जीतकर स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सौ मीटर की दौड़ स्पर्धा में भी आरती पहले स्थान पर रही थी। इसी तरह दो सौ मीटर की दौड़ स्पर्धा में सीआईएससीई की प्रियेश मिश्रा यह दौड़ स्पर्धा 24.94 सेकेंड में पूरी करके प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही। खेलकूद प्रतियोगिता में मीडिया प्रभारी जयबीर नाफरिया व शारीरिक शिक्षक विनोद पींकू ने बताया कि प्रतियोगिता के बाकी मुकाबले शनिवार को होंगे, जिनकी तैयारी चल रही। प्रतियोगिता में राममेहर सिंह पानीपत,शैलेंद्र सिंह, पूनम शर्मा, गौरव दलाल आदि का प्रतियोगिता के आयोजन में सराहनीय योगदान रहा।

### खिलाड़ियों को पसंद आ रहा हरियाणा का मूंगदाल हलवा

**भिवानी।** खिलाड़ी को बेहतर खेल के लिए जहां बेहतर मैदान की आवश्यकता होती है वहीं खुराक भी खेल को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भिवानी के भीम स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों की खुराक का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश भर से सभी राज्यों से पहुंचे 1599 खिलाड़ियों के लिए प्रतिदिन अलग मेन्यू उनकी पंसद के हिसाब तैयार किया जा रहा है। खिलाड़ियों को हरियाणा का दूध दही खूब पसंद आ रहा है। वहीं, हरियाणा का मूंग दाल हलवा बड़े शौक से खा रहे हैं। प्रतियोगिता के भोजन प्रबंधक महेश कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों को सुबह पोहा व 300 एमएल दूध आदि दिया जा रहा है। खिलाड़ियों की पसंद का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में काफी जीती

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य डॉ. त्रिलोक चंद के निर्देशन में वूमन सैल के तत्वावधान में पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. मोनिका की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 25 छात्राओं ने रुचि पूर्वक भाग लिया। इसमें छात्रा काफी ने प्रथम, पायल ने दितीय व मधु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रो. शर्मिला, प्रो. अजीत कुमार , डॉ. ज्योति, डॉ. रेनु बाला, डॉ. रूपम ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अपना अहम योगदान दिया। प्राचार्य डॉ. त्रिलोक चंद ने विजेता छात्राओं को इनाम व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### रोटरी क्लब भिवानी ने छात्रों को बांटे स्वेटर

**भिवानी।** रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन ने स्थानीय सेक्टर 13 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विधालय के लगभग 110 छात्रों को स्वेटर वितरित किए। क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉ. वीबी दीक्षित ने क्लब के सदस्यों का परिचय दिया व हर सर्दियों में चलाई जाने वाली स्कूल ड्रेस वितरण मुहिम के विषय में बताया। सदस्य सचिन जैन ने भी छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए जीवन में पढ़ाई के महत्व पर बाल दिया। आज का कार्यक्रम प्रोजेक्ट चेयर दर्शन मिढ़ा की अनुभवी देखरेख में हुआ। विद्यालय की ओर से वंदना शर्मा ने सर्दियों के मौसम के प्रारम्भ में छात्रों को स्वेटर वितरित किए जाने पर क्लब का आभार जताया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्षा रोटेरियन सुषमा दीक्षित, हरदेवी मिढ़ा, डॉ. बुद्धदेव आर्य, सी पी चावला, अशोक महता, अशोक कुमार, पंकज ग्रोवर, कुसुमलता, कमलेश सरोज बाला, सरोजवती आदि उपस्थित रहे।



### बच्चों ने जैन मंदिर की शैक्षिक एवं धार्मिक यात्रा की

**चरखी दादरी।** बीआर शिक्षण संस्था द्वारा नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित जैन मंदिर रानीला का शैक्षिक एवं धार्मिक भ्रमण अत्यंत सफल एवं ज्ञानवर्धक रहा। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता, शांतिपूर्ण जीवन और नैतिक मूल्यों से परिचित कराना था। मंदिर की अद्भुत वास्तुकला, शांतिपूर्ण वातावरण और अरिहंत- सिद्धों की जीवन शिक्षाओं से बच्चे विशेष रूप से प्रभावित हुए। विद्यार्थियों ने जैन धर्म के सिद्धांत, अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह के बारे में सरल भाषा में मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### एटीआर स्पष्ट रूप से अपडेट करें : डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में आई शिकायतों का समाधान कर एटीआर स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से अपडेट करें ताकि समस्या मुख्यालय स्तर की समीक्षा में समस्या रिओपन ना हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान के नाम पर खानापूर्ति ना करें बल्कि समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका त्वरित समाधान करें।

डीसी श्री गुप्ता शुक्रवार को समाधान शिविर समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर वीसी के माध्यम से सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी अनुपमा ने सभी जिलों के डीसी को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं को गंभीरता से ले। इस दौरान सीटीएम अनिल कुमार, डीएमसी गुलजार मलिक, एसडीएम महेश कुमार, एसडीएम सिवानी विजया मलिक, सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य, डीएफओ प्रदीप कौशिक, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. विनोद फोगाट, बीडीपीओ सोमबीर कादयान मौजूद रहे।

### भाषण प्रतियोगिता में चेतना बनी विजेता

**चरखी दादरी।** जनता महाविद्यालय के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बदलते जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय चुनौतियों और इनके वैश्विक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा चेतना ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि एमएससी प्रथम वर्ष की दिशा द्वितीय स्थान पर रही। एमएससी द्वितीय वर्ष की सोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विभाग का मान बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर संगीता ने भूगोल से जुड़े वर्तमान मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। वहीं प्रोफेसर आशु और प्रोफेसर प्रीति ने बाढ़ व आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान प्रोफेसर हरीश, प्रोफेसर रक्षिता और प्रोफेसर चंद्रकला सहित विभाग के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### छात्रों को बताई एक राष्ट्र-एक चुनाव की अवधारणा

**चरखी दादरी।** गांव कादमा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को स्टूडेंस फॉर वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को एक राष्ट्र-एक चुनाव की अवधारणा, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं तथा जिम्मेदार नागरिकता के बारे में जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक मुन्ना लाल ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भूमिका समझाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के सह-संयोजक कर्ण प्रताप बेदी ने कहा कि युवा देश की शक्ति हैं और जागरुकता ही राष्ट्र के विकास की कुंजी है।

# नि:शुल्क शिविर में 203 लोगों ने करवाई नेत्र जांच


**भिवानी।** आयोजित शिविर में आंखों की जांच करते हुए।

- वैश्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों एवं धीर आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैश्य महाविद्यालय, भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों एवं धीर आई हॉस्पिटल, भिवानी के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल एवं धीर आई हॉस्पिटल के डॉ. रुचिका धीर के नेतृत्व एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों से कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना कौशिक एवं डॉ. मोहनलाल की देखरेख में आयोजित किया गया।

नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता, समारोह अध्यक्ष वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के महासचिव डॉ. पवन बुवानीवाला, कोषाध्यक्ष विजयकिशन अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डीन एकेडमिक डॉ. नरेंद्र सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना कौशिक व कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

### स्वस्थ आहार लें

धीर आई हॉस्पिटल के डॉ. रुचिका धीर ने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति को अपनी आंखों के स्वास्थ्य के प्रति विशेष सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ आहार का सेवन बहुत जरूरी है। उसी प्रकार लंबे समय तक आंखों के स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए उनकी देखभाल अत्यंत लाभदायक है। उन्होंने धीर आई हॉस्पिटल में दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की नेत्र जांच शिविर में लगभग 203 लोगों ने अपनी जांच करवाई। शिविर में धीर आई हॉस्पिटल की तरफ से निशुल्क आंखों के टेस्ट व निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

### वार्ड 1, 2 व 3 की कल सुनी जाएंगी समस्याएं

**भिवानी।** नगरपरिषद द्वारा लोगों की समस्याएं निपटाने के लिए लगाए जा रहे खुले दरबार अभियान के तहत रविवार को वार्ड संख्या 1, 2 व तीन के लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी। नप द्वारा यह खुला दरबार सेक्टर-13 सामुदायिक केंद्र में सुबह दस बजे लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि इस दौरान इन वार्डों के पार्षद मौके पर रहेंगे। साथ ही नगरपरिषद के सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे और लोगों की समस्याओं का निराकरण करेंगे।

# मोबाइल पर अधिक समय बिताना भविष्य के लिए घातक : श्योराण

**एनआरआई रिंकू श्योराण ने छात्र-छात्राओं के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

गांव जेवली के संत पीतानंद विद्यालय में एनआरआई रिंकू श्योराण ने छात्र-छात्राओं के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा किए तथा मोबाईल से दूर रहने का आह्वान किया। एनआरआई रिंकू श्योराण ने कहा कि शिक्षा के बलबूते हर जगह मान स मान पा सकता है। वह पिछले १५ वर्ष से अमेरिका में कार्यरत है।

उन्होने अपनी पढ़ाई के दम पर कैसे सफलता हासिल की यह सब वार्तालाप करके बच्चों के साथ बच्चों के प्रश्नों के उ8ार दिए और बताया की आप भी पढ़ाई के साथ अखबार, प्रतियोगित्मक पाठ्य सामग्री और अन्य किताबें पढक़र सफलता हासलि कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को बताया कि अपने विद्यार्थी जीवन में मोबाइल से दूरी बनाए रखे। मोबाईल हमारे जीवन का एक हिस्सा है। लेकिन इसका अधिक उपयोग भविष्य के लिए घातक है। हमें मोबाईल से अधिक एक जगह बैठकर पढने की आदत डालनी चाहिए। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन ने उनका स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर संचालक नवीन श्योराण, प्रकाश, संदीप कुमार, प्रवीन, विनोद, राकेश, मनिषा, रितिका, सबनम, सुभाष, प्रिंस, रेखा, अंजू आदि मौजूद रहे।

# बाल वैज्ञानिकों ने दिखाए भविष्य के मॉडल

- आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में एससीईआरटी के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025-26 के तहत ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का प्रिंसिपल सुरेश यादव की देख रेख में भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में बवानीखेड़ा ब्लॉक के 50 स्कूलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर आनंद शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद यादव (भट्टे वाले) व मास्टर राजेंद्र यादव रहे। प्रिंसिपल नीतीश मिश्र व प्रिंसिपल पपोसा मनोज यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी बच्चों में नवाचार, जिज्ञासा एवं भविष्य में शोध के प्रति रुचि को बढ़ाती है। उन्होंने छात्रों को अपने मॉडलों में और अधिक रचनात्मकता लाने और विज्ञान के प्रति निरंतर उत्साह बनाए रखने की प्रेरणा दी। विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव ने सभी मेहमानों का स्वागत किया।


**बवानीखेड़ा।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए निर्णायक मंडल। **फोटो : हरिभूमि**

### प्रदर्शनी में सात थीम पर बनाए मॉडल

मूल्यांकन के उपरांत विजेता छात्रों की घोषणा मुख्य अतिथि के समक्ष की गई। इस प्रदर्शनी में 7 थीम थी। ग्रीन एनर्जी थीम में जीएसएसएस सुई, जीएसएस अलखपुरा, जीजीएसएस बलियाली व दूसरी थीम इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में जीएसएसएस भैणी कुंगड, जीएचएस पपोसा, जीएचएस बोहल की टीम विजेता रही। तीसरी थीम रिक्रिएशन मैथमेटिकल मॉडिफाई में एमआरएस बलियाली , जीएमएसएस बवानीखेड़ा, जीएसएसएस अलखपुरा , हेल्थ एंड हाइजीन में जीएसएसएस बवानी खेड़ा, सिद्धिविनायक ग्लोबल स्कूल मिलकपुर, सिद्धिविनायक ग्लोबल स्कूल मिलकपुर, वेस्ट मैनेजमेंट प्लास्टिक में जीएसएसएस भैणी कुंगड, जीएचएस दुर्जनपुर , जीएसएसएस बलियाली की टीम को विजेता चुना गया।

## सांसद धर्मबीर सिंह ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को दिया आत्मनिर्भर भारत का संदेश

# भारत को विकसित बनाने के लिए स्वदेशी अपनाएं : सांसद

*मेक इन इंडिया के तहत देश बन रहा है विनिर्माण का केंद्र : विरेंद्र कौशिक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को एक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया। इस कड़ी में सांसद धर्मबीर सिंह भिवानी रेलवे जंक्शन पहुंचे, जहां उन्होंने यात्रियों से सीधा संवाद किया और उन्हें स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। सांसद धर्मबीर सिंह ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और आम नागरिकों को स्वदेशी के संकल्प पत्र वितरित किए। इन पत्रकों के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की उन नीतियों की जानकारी दी गई, जो भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। सांसद ने यात्रियों से आग्रह किया कि वे अपनी दैनिक दिनचर्या में अधिक से अधिक भारत में निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग करें। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि हमें देश में बने सामान को बढ़ावा देना चाहिए। जब हम विदेशी वस्तुएं खरीदते हैं, तो हमारे देश का पैसा कई गुना होकर विदेशों में चला जाता है। इतिहास का हवाला देते हुए सांसद ने कहा कि एक समय था जब भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था, लेकिन तब यहां से कच्चा माल और खनिज संपदा लूटकर विदेश ले जाई गई।


**भिवानी।** रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते सांसद धर्मबीर सिंह।

### हर जगह हमें स्वदेशी का विचार लेकर जाना है : कौशिक

भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने भी कहा कि रेलवे स्टेशन हो, बस स्टैंड हो या बाजार, हर जगह हमें स्वदेशी का विचार लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मेक इन इंडिया के तहत विनिर्माण का केंद्र बन रहा है और भिवानी के लोगों को भी इसमें अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके पर आत्मनिर्भर भारत अभियान की भिवानी जिला संयोजक रेखा राघव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने का रास्ता स्वावलंबन और स्वदेशी से होकर ही गुजरता है। हमें वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह, शंकरलाल धूपड़, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, जिला महामंत्री रेखा राघव, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, विशाल जीत सिंह, केके ग्रोवर, शालू अरोड़ा, राजेश जांगड़ा, अमित मेहता, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, शिवराज बागड़ी, विशंबर अरोड़ा, सुभाष तंवर, संदीप यादव, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, नत्थु तंवर, अभिषेक भारद्वाज, जितेंद्र पारशर, योगेंद्र सौपर्णा, धीरज सैनी, राजकुमार सैनी, पिंकी नागर अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नहर किनारे व गांवों में भांग के पौधों को नष्ट करें : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त कार्यालय में चिह्नित अपराध और जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति के अधिकारियों के साथ उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बैठक कर नशे की बुराई को मिटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या को जड़ से खत्म करना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस सामाजिक बुराई से निपटने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय होना बहुत जरूरी है। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन पूरी निष्ठा से करें। उन्होंने बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में नशे की रोकथाम को लेकर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग व ड्रग कंट्रोल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नशीली दवाएं बेचने वाली दुकानों पर कड़ी निगरानी रखें और समय-समय पर नशीली दवाओं के क्रय-विक्रय का डाटा भी चेक करें। वहीं सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे होना सुनिश्चित करने के साथ चेकिंग भी की जाए। वहीं पुलिस अधिकारियों को भी जिला में नशे की रोकथाम को लेकर सख्त कार्रवाई लगातार जारी रखी जाए।

## खबर संक्षेप



### सिसोठ में दादा ने घोड़ी पर निकाला पोती का बनवारा

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ निवासी घीसाराम यादव ने अपनी पोती अन्नू का बनवारा घोड़ी पर निकालकर बेटा-बेटी में समानता का संदेश दिया है। अन्नू पुत्री रविन्द्र की शादी गांव खातोद निवासी नीरज के संग शुक्रवार को होनी है, इसी खुशी पर दादा घीसाराम यादव, दादी बिमला देवी ने अपनी पोती अन्नू का बनवारा डीजे के साथ घोड़ी पर निकालकर सामाज में बेटा—बेटी में समानता का संदेश दिया है। ममाज टीम सदस्य मुकेश चौहान ने बेटी अन्नु को हरियाली का प्रतीक पौधा भेंटकर बधाई दी।

### दो पहलवान राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

**नारनौल।** बुहाना समीपवर्ती सुलताना (अहिरान) के शास्त्री अखाड़ा के दो पहलवानों का राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। पहलवान वीरेंद्र कुमार शास्त्री ने बताया कि मनीष यादव पुत्र सतीश कुमार का विद्यालय प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है और वह अब तीन दिवसीय राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में भाग लेंगे। वहीं दूसरे पहलवान आलोक पुत्र नरेश ने राष्ट्रीय पुरुष प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा को मिलेंगे 5 लाख रुपये

**महेंद्रगढ़।** रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा मौहल्ला नाथुवाला के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन निधि से पांच लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की गई है। रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा के प्रधान बृजलाल रोहिल्ला ने बताया कि हिसार में संत नामदेव महाराज की जयंती को राज्य स्तर पर मनाया गया था, जिसमें सीएम सैनी ने रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा महेंद्रगढ़ के लिए भी मुख्यमंत्री विवेकाधीन निधि से पांच लाख की सहायता राशि मंजूर की। आवश्यक दस्तावेज हरियाणा पिछड़ावर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं हरियाणा नामदेव रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा संरक्षक सतबीर वर्मा ने महेंद्रगढ़ रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा के पदाधिकारियों के सामने सभा प्रधान को भेंट किए।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक में 12 शिकायतों में से नौ का मौके पर समाधान

# विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले निजी बस चालकों पर होगी कार्रवाई




**महेन्द्रगढ़।** लोगों की शिकायत सुनते मंत्री अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

स्कूल व कॉलेज के बच्चों के साथ बस पास को लेकर दुर्व्यवहार करने वाले निजी बस चालक व परिचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्कूल व कॉलेज के छात्रों के बस पास निजी बसों में मान्य करने की घोषणा की है। सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतें सुनते हुए ये आदेश दिए हैं। महेंद्रगढ़ स्थित कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 12 परिवाद रखे गए, जिनमें से नौ परिवादों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया और तीन मामलों को लंबित रखते हुए उनकी जांच करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार नागरिकों को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परिवादों का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित किया जाए और समाधान इस प्रकार हो कि परिवादी को पूरी संतुष्टि मिले। सहकारिता मंत्री ने कष्ट निवारण समिति में नालों की सफाई की शिकायत पर कहा कि विभाग नालों की सफाई करके उन पर बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें और बोर्ड पर अंकित किया जाएगा कि इस नाले की सफाई कब हुई और अगली सफाई कब होगी। सभी विभाग तालमेल बनाकर समस्याओं का समाधान करें।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, अतिरिक्त उपायुक्त उदयभान सिंह, डीएमसी रणवीर सिंह, एसडीएम कनिका गोयल, नारनौल एसडीएम अनिरुद्ध यादव, कनीना एसडीएम जितेन्द्र कुमार, नारनौल नगरपरिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### जिला रजिस्ट्रार के तबादले को लेकर विभिन्न संगठनों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** शहर की विभिन्न समाज और सामाजिक संगठनों ने शुक्रवार को सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने फर्म्स एवं समिति के जिला रजिस्ट्रार का तबादला करने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि फर्म्स एवं समितियां के जिला रजिस्ट्रार महेश कुमार के कारण जिले की प्रमुख सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक संस्थाओं में गंभीर अनियमितताएं फैल गई हैं, जिससे समाज में गहरे विवाद उत्पन्न हो रहे है। उनकी मनमानी, पक्षपात और भ्रष्टाचार के कारण महेंद्रगढ़ की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं में उत्पन्न हुए गंभीर गतिरोध और अनियमितताओं का विवरण अनेक है। उनकी प्रशासनिक कार्यशैली पूरी तरह से गैर-जिम्मेदाराना और अक्षम है। वह न केवल नियमित रूप से अपने कार्यालय में अनुपस्थित रहते हैं, बल्कि जब कोई पदाधिकारी या नागरिक उनसे मिलने के लिए जाता है, तो उनसे बड़ी मुश्किल से मुलाकात हो पाती है। यह मुलाकात से बचना स्पष्ट रूप से इस बात का प्रमाण है कि वह जानबूझकर जनता और संस्थाओं के प्रतिनिधियों की शिकायतों और आवेदनों को नजरअंदाज कर रहे हैं। बार-बार निवेदन और गंभीर शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न करना उनकी कर्तव्य में घोर लापरवाही को दर्शाता है। इनके कार्यकाल में डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति, श्री रामलीला परिषद, श्री आदर्श रामलीला व यादव सभा में विवाद गहराया हुआ है। उन्होंने कहा कि यह विवाद केवल इन चार संस्थाओं तक सीमित नहीं है। यह स्पष्ट है कि जिला रजिस्ट्रार ने महेंद्रगढ़ में बहुत सारी अन्य सामाजिक संस्थाओं में भी यही हाल है, जिससे पूरे जिले का सामाजिक ताना-बाना खतरे में पड़ गया है। इस मौके पर आदर्श रामलीला कमेटी प्रधान सुरेंद्र बंटी, अमित मिश्रा, प्रधान महेश जोशी, प्रोफेसर हरिसिंह यादव, मनोहर लाल यादव, पूर्व पार्षद वीरेंद्र यादव, ललित यादव, प्रदीप यादव, सुंदरलाल जोरासिया, हैड मास्टर ताराचन्द्र, सुभाष चौहान, संतलाल खिच्ची, सतीश नम्बरदार, हंसराज चौहान, हरिसिंह प्रधान खातौद, डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के सदस्य व पूर्व सरपंच प्रधान धन्नाराम, ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान राजेश दीवान, श्री गौशाला से संजय यादव, सूर्यकांत कौशिक, गजराज जांगिड़ सभा, प्रधान रविप्रकाश बचीनी, अजीत खिंची, समाजसेविका सन्तोष देवी, लेखराज, रमेश कुमार खिच्ची, जगदीश पल्ह, सतीश पल्ह, पंकज कुमार चितलांग, डा. जयवीर, कर्ण सिंह पंच, नरेश कुमार व जिले सिंह खातौद आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




### लिटिल चैंमप्स प्ले स्कूल में एथलीट मीट

नारनौल। लिटिल चैंमप्स प्ले स्कूल मिश्रवाड़ा खेल मैदान में वार्षिक एथलीट मीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय में सीनियर और जूनियर दो ग्रुप बनाए गए, जिसमें सीनियर वर्ग में 50 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में डेविड सैनी प्रथम, दीपांशु सैनी द्वितीय तथा लवीश यादव तीसरे स्थान पर रहे। वहीं जूनियर वर्ग में 50 मीटर दौड़ में वंश सैनी प्रथम, भव्य सोनी द्वितीय तथा सिद्धत सोनी तीसरे स्थान पर रही। विजेता छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अध्यापिका आशा मान ने कहा कि बच्चों में अंतर निहित प्रतिभाओं को तराशने के लिए इस प्रकार के आयोजनों का होना बहुत जरूरी है। इस प्रकार के आयोजनों से उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का बेहतरीन मंच मिलता है।

### ब्लॉक और जिला स्तर पर स्थान पाने वाले सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल की छात्रा दीया कुमारी पुत्री सुधीर कुमार ने गीता महोत्सव कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में जिला स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अब कुरुक्षेत्र में होने वाले गीता महोत्सव में महेंद्रगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्कूल छात्रा विशु यादव पुत्री विरेंद्र ने रोड सेफ्टी प्रोग्राम के तहत क्विज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर सड़क सुरक्षा की जानकारी सांझा की। अब यह छात्रा जिला स्तर पर कनीना ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्कूल प्रशासन ने दोनों विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्राचार्य बलवान सिंह ने कहा कि प्रशासन के द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान में बच्चों को काफी जानकारी मिलती है, जो इन्हें आगे भविष्य में काम आती है। वहीं गीता के श्लोक को जीवन में धारण कर समाज में जीने की कला सीखी जा सकती है। इसलिए हमारे समाज और संस्कृति का सही मार्गदर्शन करती है गीता।






### बीआर ज्ञानदीप में साइंस क्विज प्रतियोगिता

महेंद्रगढ़। बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास के परिसर में आयोजित साइंस क्विज प्रतियोगिता में पारुल, महक, शीलू और तनुश्री की प्रतिभाशाली टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रों की यह शानदार उपलब्धि न केवल उनकी वैज्ञानिक समझ और त्वरित सोच का प्रमाण है। यह प्रतियोगिता विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। फिजिक्स प्रवक्ता अविका यादव के नेतृत्व में सुदर्शन लांबा, रवि यादव, कुलदीप यादव और दीपेश गुप्ता जैसे समर्पित विज्ञान अध्यापकों ने पूरी प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बनाया। क्विज में पूछे गए प्रश्न छात्रों की तर्कशक्ति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा अवधारणा आधारित ज्ञान की गहराई को परखने वाले थे। प्राचार्य रामवीर यादव ने कहा कि छात्र-छात्राओं की यह सफलता विद्यालय में निरंतर किए जा रहे नवाचारों और मेहनती शिक्षकों की अनवरत मेहनत का परिणाम है। चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि बीआर ज्ञानदीप विद्यालय हमेशा से विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ प्रतियोगी मंचों पर भी निखारने के प्रयास करता रहा है।

### 100 बच्चों ने अस्पताल पहुंचकर किया ज्ञान प्राप्त

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय मौदाश्रम मंदिर के सामने मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित बचपन प्ले स्कूल के 100 बच्चों ने एसबीआई बैंक के सामने रेलवे पर स्थित रिवाइव दांतों के अस्पताल में पहुंचकर वहां की सीनियर डॉ. सारा प्रिया से दांतों के बारे में आवश्यक जानकारी हासिल की। चेयरपर्सन निशा सैनी के नेतृत्व में पहुंचे सभी बच्चों को डॉक्टर सारा प्रिया ने दांतों के रखरखाव के लिए दिन में दो बार फ्लोराइड टूथपेस्ट से ब्रश करना, रोजाना फ्लास करना, मीठे और अम्लीय खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित रूप से करना और समय समय पर दांतों की जांच करवाने के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने दांतों की मुख्य बीमारियां जैसे कैविटी सड़न और मसूड़े की बीमारियों एवं उनके उपचार के बारे में भी बच्चों को बताया। इस अवसर पर प्राचार्या ज्योति शर्मा, बचपन हेड रूपाली अरोड़ा, उपप्राचार्या मोनिका दीवान, पूनम गोस्वामी, महिमा, रेणु, शकुंतला आदि मौजूद रहीं।



## टीबी मुक्त भारत अभियान पर सीएचसी में बैठक

**नारनौल।** टीबी उन्मूलन को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दोचाना में ब्लॉक स्तरीय अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसएमओ डॉ. अंजली सैनी ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों के अलावा डॉ मुकुल सीएचसी दोचाना, डॉ अमित सिंघानिया दंत चिकित्सक व प्रवीण शर्मा, खंड आशा समन्वयक (सीएचसी दोचाना) भी उपस्थित रहे। बैठक में टीबी के लक्षण, रोकथाम और समय पर उपचार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि टीबी जांच—बलगम परीक्षण, एक्स-रे और सीबीएनएएटी—जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। बैठक में शिक्षा विभाग के रेड रिबन क्लब प्रतिनिधियों को विद्यालयों और कॉलेजों में टीबी स्क्रीनिंग व जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधियों ने बताया कि सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को माताओं और बच्चों को टीबी के लक्षण, बचाव और इलाज संबंधी जानकारी देने हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। टीबी मरीजों को प्रदान की जाने वाली पोषण सहायता और "निक्षय मित्र योजना" की प्रगति की भी समीक्षा की गई।



**नारनौल।** बैठक लेती एसएमओ डॉ. अंजली सैनी। फोटो :हरिभूमि

## विज्ञान प्रदर्शनी में खुशी गर्ग तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय पीजी कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में महिला महाविद्यालय की छात्रा खुशी गर्ग पुत्री डॉ. मनोज गर्ग ने केमिस्ट्री विषय में फूड एडाल्टरेशन पर आधारित अपना उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया। अपनी नवीन सोच और प्रभावशाली प्रस्तुति के दम पर खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र व जिले का नाम गौरवान्वित किया।

खुशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, पिता व कॉलेज केमिस्ट्री प्रोफेसर डॉ. चिरंजीव तायल को दिया। खुशी गर्ग ने अपने मॉडल के माध्यम से बताया कि वर्तमान समय में दूध, दही, दाल, सब्जियां, फल, मसाले इत्यादि अधिकांश खाद्य पदार्थों में मिलावट की जाती है। उन्होंने समझाया कि कुछ सामान्य परीक्षणों की मदद से इन मिलावटों को आसानी से पहचाना जा सकता है। दूध में मिलावट की जांच आयोडीन व फिनॉल्फ्थेलीन टेस्ट, नमक में मिलावट की जांच टाइट्रेशन टेस्ट, फल और सब्जियों में मिलावट की जांच क्रोमैटोग्राफी टेस्ट से की जा सकती है। छात्रा के पिता डॉ. मनोज गर्ग ने बताया कि खुशी अब रोहतक में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल का प्रदर्शन करेगी। इस उपलब्धि पर खुशी को उनके दादा समाजसेवी चेतन प्रकाश गर्ग, दादी संतोष गर्ग, अनिल गुप्ता, सुनील गुप्ता, मीनाक्षी गर्ग, यशी गर्ग ने बधाई दी।




नारनौल। मॉडल के साथ छात्रा खुशी गर्ग।

## फूले के दिखाए गए मार्ग पर चलने का लें संकल्प



**नारनौल।** महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन करती पूर्व नप चेयरपर्सन भारती सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सिंघाना रोड बाईपास पर स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले चौक पर महात्मा ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भारती सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले एक महान समाजसुधारक, विचारक और क्रांतिकारी कार्यकर्ता थे। जिन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं और दलितों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे महाराष्ट्र में हुआ था और 28 नवंबर 1890 को उनका निधन हुआ। उन्होंने कहा कि 1848 में भारत का पहला महिला विद्यालय खोला और महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलवाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने भारतीय समाज में प्रचलित जाति-आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई। उन्होंने सत्यशोधक समाज नामक संस्था की स्थापना की, जिसका उद्देश्य निर्धन व निर्बल वर्ग को न्याय दिलाना था। मौके पर डॉ. रामनिवास मानव, सैनी सभा उप प्रधान रोहतास सैनी, कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी, महासचिव निहाल सैनी, कार्यकारिणी सदस्य मदनलाल, जयसिंह सैनी, मुखराम सैनी, गिरधारी लाल सैनी, भगवान दास सैनी, अजीत सैनी, कुसुम निर्मल, रितु शर्मा, संदीप सैनी, अनिल सैनी, केशव सैनी, धर्मवीर सैनी, गौतम आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बालाजी स्कूल भुंगारका प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी।

एससीईआरटी गुरुग्राम के तत्वावधान में जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता रहे प्रतिभागियों के स्कूल पहुंचने पर प्रबंधन कमेटी ने अभिनंदन किया तथा प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन रामनिवास यादव ने की।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में विज्ञान की जिज्ञासा को विकसित करने के लिए विभाग ने साइंस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं निर्धारित की हैं। बीते महीने जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुई थी। जिसमें बालाजी स्कूल के विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान अर्जित करके संस्था का गौरव बढ़ाया था। वीरवार को गुरुग्राम में जोनल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छह जिलों की स्कूलों को शामिल किया गया है।



नांगल चौधरी। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन रामनिवास व शिक्षक स्टॉफ। *फोटो : हरिभूमि*

## सुरक्षा सखी पखवाड़ा कार्यक्रम का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पचेरी कलां स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय में सुरक्षा सखी पखवाड़ा के तहत पुलिस विभाग की ओर से एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें झुंझुनू एवं आसपास के कई क्षेत्रों से सुरक्षा सखियां एकत्रित होकर सक्रिय रूप से सहभागी बनी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सिंघानिया विवि के उपाध्यक्ष एवं कैंपस डायरेक्टर प्रोफेसर पीएस जस्सल ने कहा कि सखी समाज के बीच रहकर वास्तविकता को अच्छी तरह समझती हैं और उसे न्याय प्रणाली तक पहुंचाना उनका दायित्व है। उन्होंने सिंघानिया विवि की तरफ से सुरक्षा सखियों के बच्चों की बेटियों को 35 प्रतिशत तथा बेटों को 25 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की। रजिस्ट्रार मोहमद इमरान हाशमी ने कहा कि सुरक्षा सखी पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं। प्रो. प्रेसीडेंट डॉ. पवन त्रिपाठी ने कहा कि माता-पिता, शिक्षक, पुलिस और न्याय व्यवस्था समाज के अभिन्न स्तंभ हैं और सभी को अपनी जिम्मेदारियां पूरी ईमानदारी से निभानी चाहिए।



कार्यक्रम में मौजूद सुरक्षा सखी।



### गुरु द्रोणाचार्य स्कूल में किया महात्मा फूले को याद

नारनौल। गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद नारनौल में महात्मा ज्योतिबा फूले की 135वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार, प्राचार्य नेतराम सैनी व स्टाफ सदस्यों ने ज्योतिबा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। चेयरमैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि ज्योतिबा महान समाज सुधारक थे। दलितों के मसीहा थे। प्राचार्य नेतराम सैनी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ज्योतिबा सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत व शिक्षा की अलख जगाने वाले महान योद्धा थे। इस मौके पर वाइस चेयरमैन कुलदीप, मैनेजिंग डायरेक्टर पूजन सैनी, कृष्ण कुमार, धर्मपाल, मनोज कुमार, अंकित सैनी, दरयाव, पूनम सैनी, सुनीता, मधु, निशा, पूजा, प्रीतम सिंह, कमल सिंह, ममता यादव, रूक्मा, मोना आदि उपस्थित थे।

**आह्वान** — राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला सहकारिता सम्मेलन का आयोजन

# महिलाएं सहकारिता मुहिम से जुड़कर कार्य करें: अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय में सरकार भारती हरियाणा द्वारा महिला सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रदेश के सहकारिता पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, मुख्य वक्ता महिला आयोग अध्यक्ष रेनू भाटिया एवं सहकार भारती प्रदेश महामंत्री सौरव भीष्म रहे, अध्यक्षता विधायक कंवर सिंह यादव रहे। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में महिलाओं को सहकारी आंदोलन में शामिल होने की अपील की और उन्होंने महिला स्वयंसहायता समूहों को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया। मुख्यातिथि ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना विकसित भारत 2047 का सपना जो प्रधानमंत्री मोदी ने देखा है, वह पूरा नहीं हो सकता। इसलिए महिलाओं को इस मुहिम में शामिल होना होगा। उन्होंने सहकार भारती द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में सहकार भारती द्वारा सहकारिता से संस्कृति और संस्कृति से समृद्धि के मूलमंत्र को धारण करने का आह्वान किया और सहकार भारती को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। मुख्यवक्ता रेनू भाटिया ने कहा कि आज महिलाएं देश की आधी आबादी है व पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है, चाहे कोई पुण्य कार्य हो, चाहे राजनीतिक, चाहे सामाजिक सब महिलाओं के बिना अधूरे हैं। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि महिला हमारे देश की आधी आबादी है, जिनका देश के विकास में अहम योगदान है। पुरुष एवं नारी एक सिक्के के दो पहलू है। दोनों के साथ से ही जीवन रूपी गाड़ी आगे बढ़ती है। सहकार भारती महिलाओं के सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में जिले में महिला सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है, जिसमें उनकों अधिकार एवं सशक्तिकरण के विषय में जागरूक किया जाता है और इसमें जिले में काम करने वाले स्वयं सहायता समूहों को भी सम्मलित किया जायगा। प्रांत उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि सहकार भारती आने वाले समय में इस तरह के निरंतर आयोजन करेगी ताकि समाज को सशक्त बनाया जाए। मंच संचालन ओशिन शुक्ला ने किया।




**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते मंत्री अरविंद शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

मौके पर प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रांत महिला सह प्रमुख सहकार भारती तृप्ति श्योराण, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत महिला प्रमुख डॉ. इंदु बाला, प्रांत सम्पर्क सचिन महायच, जिला अध्यक्ष पारस शर्मा, जिला महामंत्री डॉ. अरविंद यादव, उपाध्यक्ष डॉ. सविन यादव, सत्यवीर यादव, उपभोक्ता प्रकोष्ठ प्रमुख एडवोकेट गोपाल शर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह, जिला सीएम पैक्स प्रमुख लक्की यादव सिगड़ा, जिला सचिव अरुण जोशी, आयुष्मान शुक्ला, शकुंतला महायच, दीपिका सरपंच, चंद्रकला खातोद, नरेश, लक्ष्मीनारायण प्रजापत व राजेश इत्यादि मौजूद रहे।